(iii) शिष्य द्वारा बुद्ध से क्या पूछा गया ?

(A) संसार में लोगों के दुखों का कारण

(B) लोगों के बीच आपसी विवाद का कारण

(C) दो व्यक्तियों के बीच भिन्नता का कारण

(D) कही गई एक ही बात के भिन्न अर्थ ग्रहण करने का कारण

(iv) गृहस्थ की चिंता का क्या कारण था ?

(A) रात का काफी समय बीत जाना । (B) वाहन के न मिलने की आशंका ।

(C) बुद्ध की बातों का अर्थ न समझ पाना । (D) देर रात्रि में अकेले घर जाना ।

(v) सुनने के लिए आवश्यकता है –

(A) वक्ता की बात में स्पष्टता की

(B) आसपास के वातावरण में शांति की

(C) सहज सरल शब्दों में बात कही जाने की

(D) मन के शांत और स्वीकार भाव में होने की

3. निर्देशानुसार पदबंध पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'तीनों भाई हरिहर काका के पाँव <u>पकड़ रोने लगे</u> ।' – रेखांकित पदबंध का भेद है –

(A) संज्ञा पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध

(C) विशेषण पदबंध (D) क्रिया पदबंध

(ii) निम्नलिखित में से क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण है –

(A) हरिहर काका ने एकांत में मुझसे <u>काफी देर तक</u> बात की ।

(B) <u>हरिहर काका ने</u> एकांत में मुझसे काफी देर तक बात की ।

(C) हरिहर काका ने <u>एकांत में मुझसे</u> काफी देर तक बात की ।

(D) हरिहर काका ने एकांत में मुझसे काफी <u>देर तक बात की</u> ।

(iii) स्तंभ–1 और स्तंभ–2 को सुमेलित कीजिए और उचित विकल्प चुनकर लिखिए ।

| | स्तंभ – 1 | | स्तंभ – 2 |
|---|---|---|---|
| (1) | इफ़्फ़न की दादी नमाज़–रोज़े की पाबंद थी । | (I) | संयुक्त वाक्य |
| (2) | इफ़्फ़न की दादी थी और वह नमाज़–रोज़े की पाबंद थी । | (II) | मिश्र वाक्य |
| (3) | इफ़्फ़न की जो दादी थी वह नमाज़–रोज़े की पाबंद थी । | (III) | सरल वाक्य |

(A) (1-III), (2-II), (3-I) (B) (1-III), (2-I), (3-II)

(C) (1-II), (2-III), (3-I) (D) (1-I), (2-III), (3-II)

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य है :

(A) बेटे की शादी के दिन तो उनका दिल गाने–बजाने के लिए फड़का ।

(B) बेटे की शादी का दिन आया और उनका दिल गाने–बजाने के लिए फड़का ।

(C) जब बेटे की शादी का दिन आया तो उनका दिल गाने–बजाने के लिए फड़का ।

(D) बेटे की शादी का दिन आया इसलिए उनका दिल गाने–बजाने के लिए फड़का ।

(v) 'पेट में सात सुइयाँ भुकीं तो टोपी के होश ठिकाने आए ।' – इस वाक्य का संयुक्त वाक्य होगा –

(A) जब पेट में सात सुइयाँ भुकीं तब टोपी के होश ठिकाने आए ।

(B) पेट में सात सुइयाँ भुकीं और टोपी के होश ठिकाने आए ।

(C) पेट में सात सुइयाँ भुकने पर टोपी के होश ठिकाने आए ।

(D) क्योंकि पेट में सात सुइयाँ भुकीं इसलिए टोपी के होश ठिकाने आए ।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए : **$4 \times 1 = 4$**

(i) 'जितेंद्रिय' समस्तपद कौन–से समास का उदाहरण है ?

(A) कर्मधारय समास (B) तत्पुरुष समास

(C) बहुव्रीहि समास (D) अव्ययीभाव समास

(ii) 'लोकप्रिय' समस्तपद का विग्रह होगा –

(A) लोक पर प्रिय (B) लोक में प्रिय

(C) लोक से प्रिय (D) लोक है जो प्रिय

(iii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| | **समस्तपद** | | **समास** |
|---|---|---|---|
| (1) | विचार में मग्न | (I) | तत्पुरुष समास |
| (2) | नीली है जो गाय | (II) | बहुव्रीहि समास |
| (3) | लव और कुश | (III) | कर्मधारय समास |
| (4) | पाँच हैं आनन जिसके | (IV) | द्वंद्व समास |

उपर्युक्त युग्मों को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(A) (1-II), (2-I), (3-IV), (4-III)

(B) (1-III), (2-I), (3-II), (4-IV)

(C) (1-IV), (2-III), (3-II), (4-I)

(D) (1-I), (2-III), (3-IV), (4-II)

(iv) 'दशकंध' समस्तपद के लिए सही समास–विग्रह और समास के नाम का चयन कर लिखिए :

(A) दस हैं कंधे जिसके – बहुव्रीहि समास

(B) दस कंधों वाला – द्विगु समास

(C) दस कंधे – द्विगु समास

(D) दस कंधों का समाहार – कर्मधारय समास

(v) निम्नलिखित में से तत्पुरुष समास का उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(A) पीतांबर (B) महेश

(C) प्रसंगानुकूल (D) यथासमय

